# प्रथम संकलनात्मक परीक्षा-VI

## विषय : हिन्दी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

### (खण्ड-क)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

जल प्रकृति का मूल्यवान उपहार है। जल प्रत्येक जीव के लिए उपयोगी होता है। पहाड़ों से बहता जल प्रकृति की शोभा बढ़ाता है तो नदी में बहता पानी अपनी कल-कल आवाज़ से सबका मन मोह लेता है। तपती धूप में राहगीरों की प्यास बुझाता है और रिमझिम बूँदें बनकर धरती पर हरियाली लाता है। महासागरों में अधिक जल है किंतु खारे जल से किसी की प्यास नहीं बुझ सकती। प्यास बुझाने वाला मीठा जल हमें वर्षा, नदियों, कुओं आदि से प्राप्त होता है। हम इस जल का महत्त्व नहीं समझते इसलिए इसे व्यर्थ बहाते हैं। जल की कमी की कल्पना भी दुखदायी लगती है। सरलता से प्राप्त होने वाला जल जब कठिनाई से मिले तब व्यक्ति प्यास मिटाने के लिए जल के बदले अपनी करोड़ों की संपत्ति भी दे सकता है। जल के इस मूल्य को अगर हम पहचान लें और बेकार में जल बहाना बंद कर दें तब आने वाली पीढ़ियाँ हमारा उपकार मानेंगी। हमें नलों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। पानी को सुरक्षित रखना चाहिए।

(क) महासागरों के जल से किसी की प्यास क्यों नहीं बुझती है? (1)

(ख) मीठा जल कहाँ से मिलता है? (1)

(ग) इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मेहनत का फल मीठा होता
 व्यर्थ न मेहनत जाती।
मेहनत करने से जीवन में
 सुख-समृद्धि आती ॥
मेहनत से मिलती है सफलता
 इससे कभी न मुँह मोड़ो।
करो न तुम कल की प्रतीक्षा
 उठो, अभी आलस छोड़ो।
मेहनत से विद्या है मिलती
 मेहनत से ही मिलता ज्ञान।
मन को असीम शांति है मिलती
 दुनिया में मिलता सम्मान।

(क) मेहनत का फल कैसा होता है? (1)

(ख) मेहनत करने से जीवन में क्या प्राप्त होता है? (1)

(ग) मेहनत करने का मन पर क्या प्रभाव पड़ता है? (1)

प्र3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए। (6)

(क) जब मैंने प्रतियोगिता जीती

(ख) मीठी बोली का महत्त्व

(ग) पेड़-पौधे और हम

प्र4. सही समय पर कार्य करने से आपको लाभ हुआ यह बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। (4)

अथवा

फास्ट-फूड के अत्यधिक प्रयोग से होने वाली हानियों के बारे में बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र5. (क) हिन्दी व अंग्रेजी भाषा की लिपि लिखिए। (1)

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम, तद्भव, देशज व विदेशी शब्द छाँटिए :- दूध, अग्नि, टेलीफ़ोन, थैला (2)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा रेखांकित करके भेद लिखिए :- (2)

(i) हमें अहंकार नहीं करना चाहिए।

(ii) मैं कल आगरा जाऊँगा।

(घ) भाववाचक संज्ञा बनाइए :- (1)

चंचल, मीठा

PAPER-1
26

(ङ) रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर रिक्त स्थान भरिए :- (1)

(i) <u>ब्राह्मण</u> पूजा कर रहा है और ________ खाना बना रही है।

(ii) मोहन को श्रेष्ठ <u>लेखक</u> का तथा राधिका को श्रेष्ठ ________ का पुरस्कार दिया गया।

(च) वचन बदलिए :- (1)

पुस्तक, अध्यापक

प्र6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्न रेखांकित करके भेद बताइए :-

(i) माताजी बच्चों के लिए फल लाईं। (2)

(ii) बच्चे कलम से लिख रहे हैं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम शब्द छाँटकर उसके भेद लिखिए :- (2)

(i) बाहर कोई आया है।

(ii) मैं कल बाजार जाऊँगा।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम-चिह्न लगाइए :- (1)

शाबाश तुमने तो कमाल कर दिया

प्र7. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

आग, पुष्प

(ख) विलोम शब्द लिखिए :- (1)

अमृत, जय

(ग) 'पत्र' शब्द से ऐसे दो वाक्य बनाइए जिससे उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट हो जाएँ। (2)

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

जो दिखाई न दे, नगर में वास करने वाला

**(खण्ड-ख)**

प्र8. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) वह चिड़िया जो -
चोंच मारकर
दूध भरे जुंडी के दाने



रुचि से, रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
नीले पंखों वाली मैं हूँ
मुझे अन्न से बहुत प्यार है।

(i) चिड़िया को क्या खाना पसंद है और क्यों? (2)

(ii) उपर्युक्त काव्यांश से मनुष्य को क्या सीख मिलती है? (2)

(iii) चिड़िया के लिए किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है? (1)

(ख) हमको बुद्धू ही निरा समझा है
हम समझते ही नहीं जैसे कि
आपको बीमारी है :
आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं
और बढ़ते हैं तो बस यानी कि
बढ़ते ही चले जाते हैं -
दम नहीं लेते हैं जब तक बिलकुल ही
गोल न हो जाएँ,
बिलकुल गोल
यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में
आता है।

(i) लड़की स्वयं को बुद्धिमान क्यों समझती है? (2)

(ii) प्रस्तुत काव्यांश के कवि का नाम और भाषा लिखिए। (1)

(ग) (i) चाँद का मुँह कैसा है? चाँद की वेशभूषा के बारे में कवि ने क्या कहा है? (2)

(ii) 'वह चिड़िया जो' कविता का मूल भाव क्या है? (1)

प्र9. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(क) शुरू-शुरू में चश्मा लगाना बड़ा अटपटा लगा। छोटे-बड़े मेरे चेहरे की ओर देखते और कहते - आँखों में कुछ तकलीफ़ है। इस उम्र में ऐनक! दूध पिया करो। मैं डॉक्टर साहिब का कहा दोहरा देती - कुछ देर पहनोगी तो ऐनक उतर जाएगी। वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा

आश्वासन दिया था, लेकिन चश्मा तो अब तक नहीं उतरा नंबर बस कम ही होता रहा। मैं अपने आप इसकी जिम्मेवार हूँ। जब आप दिन की रोशनी छोड़कर रात में टेबल लैंप के सामने काम करेंगी तो इसके अलावा क्या होगा।

(i) लेखिका को शुरू-शुरू में चश्मा लगाना कैसा लगा और चश्मे के बारे में डॉक्टर साहब से उसे क्या कहा? (2)

(ii) लेखिका ने चश्मा लगाने के लिए स्वयं को जिम्मेदार क्यों माना? (1)

(ख) सवेरे दोनों आँखें मलते कार्निस के सामने पहुँच जाते और चिड़ा और चिड़िया दोनों को वहाँ बैठा पाते। उनको देखने में दोनों बच्चों को न जाने क्या मज़ा मिलता, दूध और जलेबी की सुध भी न रहती थी। दोनों के दिल में तरह-तरह के सवाल उठते। अंडे कितने बड़े होंगे? किस रंग के होंगे? क्या खाते होंगे? उनमें से बच्चे किस तरह निकल आएँगे? लेकिन इन बातों का जवाब देने वाला कोई नहीं। न अम्मा को घर के काम-धंधों से फ़ुरसत थी, न बाबू जी को पढ़ने-लिखने से। दोनों बच्चे आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे लिया करते थे।

(i) केशव और श्यामा को अंडों के आगे किस बात की सुध न रहती थी? (1)

(ii) दोनों बच्चे आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों देते थे? (2)

प्र10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x2=6)

(क) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना-पानी मंगाकर कार्निस पर क्यों रखे?

(ख) लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?

प्र11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (2x3=6)

(क) गांधी जी ने आश्रमवासी को काले चक्ते वाले केले क्यों दिए?





(ख) 'बचपन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चे इतवार की सुबह क्या काम करते थे?

(ग) केशव ने श्यामा को चिड़िया के अंडे क्यों नहीं दिखाए?

प्र12. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (2)

कोलाहल, आश्वासन, अधीर, आहिस्ता

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (2)

अनुमान, विश्वास

प्र13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3x3=9)

(क) बच्चों ने छुन-छुन-छुन की आवाज़ सुनकर क्या अनुमान लगाया?

(ख) प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार किसे मिला? रेनू को किस आधार पर पुरस्कार दिया गया?

(ग) फूलों के बीज पाकर रहीम और उसके दोस्तों ने क्या किया?

प्र14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : (3x1=3)

(क) रहीम के मित्रों के क्या नाम थे?

(ख) दो छत्ती पर क्या सामान रखा था?

(ग) रेनू को गाना गाते समय खाँसी क्यों आ गई?